# सबसे अधिक शहरों में मेट्रो का संचालन करने वाला पहला राज्य बना उत्तर प्रदेश

## प्रधानमंत्री ने आगरा मेट्रो का किया वर्चुअल शुभारंभ, मुख्यमंत्री ने मंत्रियों संग किया सफर

**जागरण संवाददाता, आगरा :** उप्र सबसे अधिक शहरों में मेट्रो का संचालन करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। बुधवार को कोलकाता से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आगरा मेट्रो के छह स्टेशनों का वर्चुअल शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेट्रो में सफर किया। उन्होंने कहा कि आगरा और ब्रज के लोगों के लिए मेट्रो होली का उपहार है।

बुधवार को आगरा में बदलते उत्तर प्रदेश की शानदार तस्वीर दिखी। शहर के खाते में मेट्रो रेल की उपलब्धि जुड़ गई। ताजमहल भूमिगत स्टेशन से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधि और केंद्रीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ मेट्रो में सफर किया। गुरुवार सुबह छह बजे से जनता के लिए मेट्रो शुरू होगी।

ताज पूर्वी गेट में पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि उप्र मेट्रो रेल कारपोरेशन (यूपीएमआरसी) की टीम ने 23 माह में तीन भूमिगत स्टेशनों का निर्माण कर इतिहास रच दिया है। सात दिसंबर 2020 को प्रधानमंत्री ने मेट्रो का शिलान्यास किया था। अगस्त 2024 तक मेट्रो का संचालन शुरू होना था, लेकिन इसे समय से पहले पूरा कर लिया गया। मेट्रो के संचालन में आगरा प्रदेश का छठा और देश का 21वां शहर है। मेट्रो स्टेशन की निगरानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से की जाएगी। इससे पब्लिक ट्रांसपोर्ट की सुविधा बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार विकास के ट्रैक पर दौड़ रही है। खेरिया एयरपोर्ट के नए सिविल एन्क्लेव का कार्य तेजी से हो रहा है। शहर को आइटी सेक्टर के रूप में विकसित किया जाएगा। केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास राज्यमंत्री कौशल किशोर, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



ताजमहल स्टेशन पर बुधवार को आगरा मेट्रो को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। साथ मे केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल, केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर व अन्य • जागरण

**6** शहर उत्तर प्रदेश के मेट्रो ट्रेन का कर रहे हैं संचालन

**12** सौ करोड़ से आगरा में बनाए गए हैं छह स्टेशन

**23** माह में तीन भूमिगत स्टेशन बना यूपीएमआरसी ने रचा इतिहास

### मुख्यमंत्री ने यूपीएमआरसी की क्वालिटी व समयबद्धता को सराहा

आगरा मेट्रो के पहले चरण में 1,200 करोड़ रुपये से प्राथमिक चरण के छह स्टेशन बने हैं। ताजमहल भूमिगत मेट्रो स्टेशन में यूपीएमआरसी की टीम ने मुख्यमंत्री को मेट्रो का माडल भेंट किया। मुख्यमंत्री ने विजिटर बुक में यूपीएमआरसी के कार्य की सराहना की। उन्होंने लिखा कि प्रोजेक्ट की क्वालिटी के साथ ही समयबद्धता महत्व रखती है। आगरा मेट्रो ने इस मानक को बनाए रखा है। यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार भी मौजूद रहे। मेट्रो अधिकारियों के अनुसार सुबह छह बजे से रात 10 बजे तक मेट्रो का संचालन होगा।

### क्षतिग्रस्त फसलों के लिए 38 करोड़ रुपये और जारी

**राब्यू, लखनऊ :** बारिश और ओले से फसलों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए 38 करोड़ रुपये बुधवार को और जारी किए गए। राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि जिलाधिकारियों की रिपोर्ट के आधार पर हमीरपुर को 23.29 करोड़, सहारनपुर को 10 लाख, कानपुर देहात को चार करोड़, बांदा को 9.72 करोड़, चंदौली को 26,708 रुपये और प्रयागराज को 1.50 करोड़ रुपये दिए गए। देखें » 2